Since the Government have decided to give house sites to the rural poor, it should move immediately in the matter and see that the Chakdeo villagers do not have to suffer any more.

(ii) Need for a Committee to consider the problems arising out of the closure of brick kilns

श्री उमा कान्त मिश्र (मिर्जापुर) : सभापति जी, देश में ईंट निर्माताओं ने उत्पादन करना बन्द कर दिया है। गत वर्षों में निर्मित किया गया ईंट बहुत महंगा पड़ रहा है। कुछ दिनों में सम्भवतः ईंट मिलेगा ही नहीं और सम्पूर्ण व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक निर्माण कार्यों के बन्द हो जाने की सम्भावना है और ईंट का संकट आसन्न है। ईंट उद्योग एक लघु और कुटीर उद्योग है। इस उद्योग को बड़ा उद्योग या फैक्ट्री समझना और फैक्ट्री में लागू होने वाले कानूनों को लागू करना न्यायसंगत नहीं है। इस उद्योग में जो कानून लागू किए जा रहे हैं वे अव्यावहारिक हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि ईंट उद्योग की जानकारी रखने वालों की एक समिति तत्काल बनाई जाये और इस उद्योग के प्रतिनिधियों से वार्ता करके शीघ्र समाधान निकाला जावे। जिससे ईंट उद्योग पूर्ववत् चालू हो जावे तथा लाखों लोग बेरोजगार होने से बचें और निर्माण कार्यों में बाधा उत्पन्न न हो।

(iii) Unsatisfactory working of Communications facilities in Amreli District, Gujarat

SHRI NAVIN NAVANI (Amreli) : Amreli district is a big business centre with poor telecommunication facilities. The present trunk circuits are inadequate to meet the flow of trunk traffic to various important stations like Rajkot, Ahmedabad etc.

According to an official source, the installation of wide band microwave system for Rajkot-Amerli-Bhavanagar route will be completed by December 1983 and is likely to be commissioned by the end of March 1984. Meanwhile, it is necessary to take action for satisfactory working of present trunk circuits.

At present the trunk line remains in non-working condition from 10 A.M. to 6 P.M. Consequently, the trading community face lot of hardship.

With commissioning of wide band microwave station at Amreli by the end of March 1984, there will be a lot of microwave channels available between the important stations. It is, therefore, most important that STD facility is provided between Amreli-Rajkot, Amreli-Bhavnagar, Amreli-Ahmedabad and Amreli-Savarkundle.

Similarly, with the commissioning of wide band and microwave station at Amreli, additional trunk circuits from Amreli to other important stations on microwave route may also be given.

The performance of Dhan-Chalala and Dhari Amreli lines is very poor. As a result, Dhari is frequently cut off from the district town. To eliminate this difficulty, channel carrier system be immediately commissioned between Dhari and Amreli.

(iv) Non-payment of sugareane arrears to cane growers in Eastern U. P.

श्री हरिकेश बहादुर: सभापति जी, पूर्वी उत्तर प्रदेश की अनेक चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का पैसा बकाया है जिससे गन्ना किसानों के समक्ष गम्भीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और वे अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में असमर्थ हो गए हैं। जब कभी यह बकाया किसानों को दिया भी जाता है तो वह भी सूद के साथ नहीं दिया जाता जो भारत सरकार द्वारा बनाये गये नियम के विपरीत है। इस प्रकार गन्ना किसान सरकार की उदासीनता के कारण शोषण के शिकार हो गए हैं। किसानों से सरकारी कर्ज की वसूली भी बेरहमी के साथ की जा रही है जबकि किसानों का पैसा मिलों पर पहले से ही बकाया है। अतः सरकार से मेरी मांग है कि गन्ना किसानों का पैसा शीघ्र भुगतान कराया जाये और उन्हें उस पैसे पर सूद भी दिया जाय तथा जब तक किसानों का पैसा उन्हें मिल न जाये तब तक सरकारी विभागों द्वारा किसानों को दिये गये कर्ज की वसूली तत्काल बन्द कर दी जाय। जो चीनी मिलें, मिल मालिकों की लापरवाही के कारण